BAHADURGARH CHAMBER OF COMMERCE & INDUSTRY
6, M.I.E., BAHADURGARH-124507 DISTT. JHAJJAR (HARYANA)
AFFILIATION : P.H.D. CHAMBER OF COMMERCE & INDUSTRY, NEW DELHI
HARYANA CHAMBER OF COMMERCE & INDUSTRY
Tele Fax : 268789, Ph. : 268790, E-mail : bccibahadurgarh@gmail.com

मार्च 25, 2026

सेवा में,

1. **श्री स्वप्निल रवीन्द्र पाटिल जी, IAS**
   उपायुक्त, झज्जर, हरियाणा

2. **डॉ. राजश्री सिंह जी, IPS**
   पुलिस आयुक्त, झज्जर

3. **श्री मयंक मिश्रा जी, IPS**
   पुलिस उपायुक्त, बहादुरगढ़

4. **अभिनव सिवाच जी, IAS**
   उप-मंडल अधिकारी

विषय: किसान चौक, नेशनल हाईवे जाखौदा पर बंद कट को खुलवाने हेतु निवेदन

महोदय/महोदया,

बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (BCCI) की ओर से मैं यह पत्र एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं तात्कालिक विषय के संबंध में लिख रहा हूँ।

किसान चौक, नेशनल हाईवे जाखौदा पर आपकी अध्यक्षता में आयोजित सड़क सुरक्षा बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार उक्त कट को बंद किया गया था। किंतु इस निर्णय के परिणामस्वरूप वर्तमान में क्षेत्र में अव्यवस्थित एवं असुरक्षित यातायात की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कट बंद होने के कारण वाहन चालकों को अगले यू-टर्न तक लगभग 5–6 किलोमीटर जाना पड़ता है और फिर वापस आना पड़ता है, जिसके चलते समय एवं ईंधन बचाने के उद्देश्य से लोग गलत दिशा से आवागमन कर रहे हैं। साथ ही, लोगों द्वारा अवैध कट भी बना लिए गए हैं, जिससे प्रतिदिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएँ हो रही हैं।

पिछले सप्ताह आपकी अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान भी इस विषय पर निवेदन किया गया था, जिसके उपरांत अस्थायी रूप से फुटपाथ पर गड्ढे खोदे गए थे ताकि गलत दिशा में आवागमन को रोका जा सके, किंतु लोगों द्वारा पुनः उसमें मिट्टी भर दी गई, जिसके कारण समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। जैसा कि आप अवगत हैं, दिनांक 24-03-2026 को MIE औद्योगिक क्षेत्र में गलत दिशा से मुड़ते हुए एक गंभीर हादसा हो चुका है, जिसमें 3 लोगों की जान तक चली गई, जो अत्यंत चिंताजनक है।

उक्त स्थान के निकट औद्योगिक क्षेत्र सेक्टर 16, 17 एवं 4B स्थित हैं, जहाँ से प्रतिदिन लाखों लोगों का आवागमन होता है और बड़ी संख्या में वाहन इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। ऐसी स्थिति में यह कट बंद रहने से निरंतर दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है।

अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि कृपया उक्त कट को यथाशीघ्र खुलवाने की कृपा करें तथा वहां पर पुलिस की नियमित ड्यूटी लगवाई जाए ताकि यातायात को नियंत्रित एवं सुरक्षित बनाया जा सके।

आपसे निवेदन है कि इस गंभीर विषय पर शीघ्र संज्ञान लेकर उक्त कट को जल्द से जल्द खुलवाने एवं आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

धन्यवाद।

सादर,
बहादुरगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (BCCI)

नरेंद्र छिकारा
वरिष्ठ उपाध्यक्ष
+91-9811154643